दिन–रविवार | दिनांक– 08 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. बक्सर के पास नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस की कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंटी ट्रेन। बड़ा हादसा टला।

02. राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा–भूमि सर्वेक्षण को लेकर लोगों को घबराने की जरूरत नहीं। स्वघोषित वंशावली भी होगी पूरी तरह मान्य।

03. प्रदेश में डेंगू के मामलो में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। पटना में सबसे अधिक लोग प्रभावित। .

04. और, प्रदेश में मॉनसून कमजोर पड़ा। कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई।

———————————————————

नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस के डिब्बे अलग होने की घटना के तीन घंटे बाद बक्सर–दानापुर रेलखंड की डाउन लाइन पर रेल सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। पूर्व–मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि नई दिल्ली–इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस दोपहर करीब ढ़ाई बजे रघुनाथपुर स्टेशन से गंतव्य के लिए रवाना हुई। बक्सर जिले के रघुनाथपुर स्टेशन के पास सुबह करीब 11 बजे इस गाड़ी की दो बोगियों के बीच कपलिंग फेल होने के बाद नौ डिब्बे इंजन से अलग हो गए। हालांकि इस घटना में किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ है। घटना के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

———————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि जमीन के सभी दस्तावेज डिजिटल रूप से मौजूद हैं और लोग इसे आवेदन देकर ऑनलाईन प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेशभर में भूमि सर्वेक्षण को लेकर हो रही परेशानियों पर मंत्री ने कहा कि सरकार ने खतियान, जमाबंदी पंजी, लगान रसीद जैसे जमीन से जुड़े अन्य दस्तावेज डिजिटली उपलब्ध कराया है। श्री जायसवाल ने कहा कि जमीन से जुड़े किसी कागजात को लेकर स्वघोषणा के साथ निदेशालय की वेबसाईट पर इसे आपलोड

किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोग खुद अपनी वंशावली बनाकर स्वघोषणा के साथ जमा कर सकते हैं। यह पूरी तरह मान्य होगा।

———बाईट———

डॉ जायसवाल ने कहा कि भूमि सर्वेक्षण में किसी के साथ अन्याय नहीं होगा । सभी को दावा आपत्ति के तीन अवसर प्राप्त होंगे ।

———बाईट———

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने कहा है कि राज्य के सभी चौवालीस साईबर थाने एक दूसरे से जुड़ेंगे। इसके लिए एक पोर्टल बनाया जा रहा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री ढिल्लों ने कहा कि यह एक अत्याधुनिक नेटवर्किंग सिस्टम होगा, जिसके माध्यम से सभी साईबर थाने ईओयू के साईबर कोर सेन्टर से जुड़ जायेंगे। डीआईजी ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से मोबाईल नम्बर और आईपी एड्रेस के लोकेशन को पकड़ना आसान हो जायेगा। साथ ही थाना आपस में साईबर अपराधियों के बारे में सूचनाओं का तुरंत आदान–प्रदान कर सकेंगे।

———————————————————————

पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई ने एक ऐसे धोखाधडी के प्रति लोगों को सतर्क किया है, जिसमें जालसाज द्वारा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत पंजीकरण फीस के रूप में आठ हजार रूपये की मांग की जा रही है। इकाई ने कहा कि लोगों को जाली पत्र भेजे जा रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि इस योजना के अंतर्गत उनका आवेदन पंजीकरण फीस देने के बाद स्वीकृत किया जाएगा। सरकार ने इस तरह के किसी भी दावे को खारिज किया है और कहा कि यह पत्र फर्जी है। इधर, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सलाह दी है कि पीएम–कुसुम योजना में रूचि रखने वाले लोगों को पैसे जमा करने या व्यक्तिगत सूचना साझा करने से पहले वेबसाइट की प्रामाणिकता की जांच करनी चाहिए।

———————————————————————

आज अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस है। इसका आयोजन प्रत्येक व्यक्ति, समुदाय और समाज के लिए साक्षरता के महत्व की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है। इस वर्ष का विषय है–बहुभाषी शिक्षा संवर्धन, आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर अपने संदेश में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि शिक्षा मनुष्य में सहिष्णुता, सह अस्तित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को विकसित करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि यह किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास में केन्द्रीय भूमिका का निर्वाह करती है। राज्यपाल ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि शिक्षा के विस्तार में हम अपना योगदान दें। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों से शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने इस मौके पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर बल दिया।

---

बेगूसराय के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना ने बलिया, साहेबपुरकमाल और डंडारी समेत नौ प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ लेखापाल और प्रखंड परियोजना प्रबंधक के वेतन भुगतान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इन लोगों पर ई शिक्षा कोष पोर्टल पर प्रखंडों के विद्यालयों में कार्यरत और रिक्त पदों के संबंध में सूचना अपलोड करने के निर्देश की अवहेलना का आरोप है। इन लोगों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

---

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। राज्यभर से बासठ से अधिक नये मामले दर्ज किए गए हैं। सबसे अधिक छत्तीस मरीज पटना से हैं। इसके अलावा गया से सात और औरंगाबाद से पांच मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार अड़सठ मामले सामने आ चुके हैं। पटना के कंकड़बाग, पाटलिपुत्र, कुम्हरार और सिपारा में सक्रमण के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं।

एम्स नई दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नीरज निश्चल ने डेंगू के लक्षणों के बारे में जानकारी दी।

———बाईट———

————————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य हिस्सों में गरज के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, बक्सर, भोजपुर और पटना सहित कई हिस्सों में बारिश की संभावना है। इधर, राज्यभर में मॉनसून सक्रियता में कमी देखी जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया, नवादा, औरंगाबाद जिले में कई स्थानों में दस मिलीमीटर से लेकर तीस मिलीमीटर तक वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटो में प्रदेशभर में मौसम साफ रहने की संभावना है। लेकिन कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

————————————————————————————

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत वर्ष दो हजार तीस के यूथ ओलिंपिक और दो हजार छत्तीस में ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करेगा। डॉ. मांडविया नई दिल्ली में एशिया ओलिंपिक परिषद की चौवालीसवीं महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने खेल बजट को दो हजार चौदह–पन्द्रह के लगभग एक सौ तैंतालीस मिलियन डॉलर से बढ़ाकर लगभग चार सौ सत्तर मिलियन डॉलर कर दिया है। इस मौके पर भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है, जब विश्व लगातार विकसित हो रहे वैश्विक खेल परिदृश्य में आगे बढ़ रहा है।

————————————————————————————

पेरिस पैरालिंपिक खेलों का समापन आज देर रात हो जाएगा। समापन समारोह फ्रांस के नेशनल स्टेडियम स्टेड डी फ्रांस में होगा। तीरंदाज हरविंदर सिंह और स्प्रिंटर

प्रीति पाल पेरिस पैरालंपिक के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे। आज पूजा ओझा महिलाओं की कयाक एकल दो सौ मीटर केएल–वन स्प्रिंट कैनोइंग स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं इसके साथ ही भारत का पैरालंपिक खेलों में अभियान भी समाप्त हो गया। कल देर रात नवदीप सिंह के स्वर्ण और सिमरन शर्मा के रजत पदक जीतने के बाद भारत के पदकों की कुल संख्या उनतीस हो गई है और वह पदक तालिका में अठारहवें स्थान पर पहुंच गया है।

————————————————————

औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा है कि संपूर्णता अभियान के तहत सभी छह घटकों के मामले में जिले में लक्ष्य हासिल कर लिया जायेगा । श्री शास्त्री ने कहा कि शिक्षा , टीकाकरण और स्वास्थ्य जैसे मानकों पर काम चल रहा है।

———बाईट———

इस अवसर पर औरंगाबाद में किताब दान अभियान का शुभारंभ किया गया । वहीं जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा व्यक्तित्व विकास पर लिखित पुस्तक का विमोचन वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने किया।

————————————————————

कटिहार रेलमंडल अंतर्गत जूनियर इंजीनियर डीसी कुमार और ट्रैक मैन विक्की राव को मंडल रेल प्रबंधक ने बर्खास्त कर दिया है। दोनों पर पिछले दिनों एकलखी स्टेशन के पास रेलवे पटरी पर फिश प्लेट खुले होने के मामले में लापरवाही बरतने का दोषी पाया गया है।

————————————————————

कैमूर जिले में सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक ने बाल सुधार गृह के प्रभारी अधीक्षक को निलंबित करने की अनुशंसा की है। प्रभारी अधीक्षक पर बाल सुधार गृह में दो बालिकाओं को अनधिकृत रूप से मोबाइल एवं अतिरिक्त सिम कार्ड देने का आरोप है।

————————————————————

कटिहार जिले के मनसाही थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल के छात्र की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक शिक्षक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

मधुबनी जिले के लदनियां थाना क्षेत्र से पुलिस ने शराब लदे वाहन के साथ चालक को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

01. बक्सर के पास नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस की कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंटी ट्रेन। बड़ा हादसा टला।
02. राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा—भूमि सर्वेक्षण को लेकर लोगों को घबराने की जरूरत नहीं। स्वघोषित वंशावली भी होगी पूरी तरह मान्य।
03. प्रदेश में डेंगू के मामलो में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। पटना में सबसे अधिक लोग प्रभावित। .
04. और, प्रदेश में मॉनसून कमजोर पड़ा। कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई।

————————————————————

समाप्त